## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- स्थायी विकास विषय पर रांची में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा–राज्य में टिकाऊ विकास के लिए विधायिका और कार्यपालिका में समन्वय जरुरी।
- नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप, कांग्रेस ने कहा–बाबूलाल को सरकार से नहीं उनकी अपनी पार्टी से ही है खतरा।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का 19 जून को करेंगे लोकार्पण, रक्षा राज्यमंत्री ने दी प्रगति की जानकारी।
- राजधानी रांची में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जोनल आईजी ने की बैठक, सिटीजन पुलिसिंग और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिये निर्देश।
- पश्चिम बंगाल और बिहार को छूकर दक्षिण–पश्चिम मॉनसून पड़ा कमजोर, अब झारखंड में दस जून के बाद प्रवेश करने की संभावना।

******************

योजना एवं विकास विभाग की ओर से रांची में आज स्थायी विकास विषय पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और मुख्य सचिव अलका तिवारी भी शामिल हुईं। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य में टिकाऊ विकास के लिए विधायिका और कार्यपालिका मे समन्वय जरुरी है।

अपने सम्बोधन में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि हालांकि विकास के मामले मे पूरे देश के परिप्रेक्ष्य में झारखण्ड अन्य कई राज्यों से पीछे है, फिर भी हम यदि सकारात्मक विचारों के साथ मेहनत करें, तो लक्ष्य पाना कठिन भी नहीं है।

******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रच रही है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनका चरित्र हनन किया जा सकता है और उनकी जान को भी खतरा है। इधर, भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा है कि राज्य में श्री मरांडी का कद काफी बड़ा है और अगर उन्हें एक खरोंच भी आयी तो राज्य की जनता झामुमो–कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर देगी।

******************

इधर, कांग्रेस ने कहा है कि श्री मरांडी गठबंधन सरकार को मिले जनादेश से हताशा में हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने रांची में कहा कि बाबूलाल को सरकार से नहीं बल्कि उनकी अपनी पार्टी से ही खतरा है।

******************

प्रदेश कांग्रेस की ओर से पूरे राज्य में संविधान बचाओ अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज खूंटी में पार्टी की ओर से एक रैली निकाली गयी। रैली में पार्टी के अन्य नेताओं के अलावा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सहकारिता महासचिव नईमुद्दीन खान और सांसद कालीचरण मुंडा भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

******************

राजधानी रांची के बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का लोकार्पण 19 जून को होगा। यह जानकारी रांची के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी है। नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने इस परियोजना की प्रगति की जानकारी दी और इसके लोकार्पण की तिथि निर्धारित करने का आग्रह किया। गडकरी ने 19 जून को उद्घाटन कार्यक्रम के लिए सहमति प्रदान की।

******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड में किसानों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड की विशेषज्ञ टीम ने बंजिया, डांटोखुर्द और डांड़ गांवों का दौरा किया और किसानों को उन्नत खेती की वैज्ञानिक तकनीक से अवगत कराया। शिविर में खरीफ फसल प्रबंधन, उर्वरक और कीटनाशकों के सही उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और रसायनों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी गई।

******************

रांची में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जोनल आईजी मनोज कौशिक ने आज समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से बढ़ते अपराध पर नकेल कसने और सिटीजन पुलिसिंग को दुरुस्त करने को लेकर विशेष दिशा–निर्देश दिये गये। बैठक के बाद आइजी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ–साथ ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुगम बनाने की दिशा में पुलिस प्रयास कर रही है।

******************

स्टोन क्रशर, माइंस समेत कई परियोजनाओं से रंगदारी वसूलने वाले गिरोह के खिलाफ पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने बड़ी तादाद में हथियार और अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं। उधर जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद–फरोख्त करते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में जल संरक्षण के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

पश्चिम बंगाल और बिहार को छूकर दक्षिण–पश्चिम मॉनसून कमजोर पड़ गया है। अब झारखंड में इसके पहुंचने की संभावना 10 जून के बाद ही है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अगले दो–तीन दिनों में तापमान में और वृद्धि की आशंका व्यक्त की है।

******समाप्त*******